दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 22 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

पटना, बेगूसराय, सारण, मुंगेर समेत राज्य के बारह जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। गंगा और सहायक नदियों के जलस्तर में भारी वृद्धि के कारण बाढ़ का पानी निचले इलाकों में प्रवेश कर गया है जिससे दस लाख से अधिक की आबादी प्रभावित हो रही है। पटना, वैशाली और बेगूसराय के दियारा क्षेत्रों में हालात बेहद खराब है। बेगूसराय के बलिया, मटिहानी और तेघरा प्रखंडों में एक बड़ी आबादी को पलायन करना पड़ा है। इधर, पटना के दानापुर में गंगा नदी के तटीय क्षेत्रों में बसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर लाया गया है। प्रशासन की ओर से सामुदायिक रसोई की व्यवस्था की गई है। पशुओं के लिए भी आश्रय स्थल और चारे का प्रबंध किया जा रहा है। बाढ़ का प्रभाव भागलपुर–जमालपुर के बीच सड़क यातायात पर भी पड़ा है। बरियारपुर के पास राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या अस्सी पर पानी आ जाने से वाहनों का परिचालन प्रभावित है।

———————————————————————

बाढ़ के कारण रेल परिचालन पर भी असर पड़ा है। मुंगेर जिले के रतनपुर के पास गंगा नदी के बाढ़ का पानी रेल पुल के अत्यंत करीब पहुंच गया है। कुछ स्थानों पर रेल गार्डर के ऊपर पानी बह रहा है। हालात को देखते हुए पूर्व रेलवे ने जमालपुर–भागलपुर रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन रोक दिया है। आठ अलग–अलग ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। जबकि बीस रेलगाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों ने कहा है कि रेल पटरियों पर निगरानी बढ़ा दी गई है और कई स्थानों पर कटाव रोकने के लिए भी कार्य किए जा रहे है।

———————————————————————

पड़ोसी राज्यों में बारिश में कमी के कारण गंगा, सोन और पुनपुन नदी के जलस्तर में बक्सर, पटना और बेगूसराय में थोड़ी कमी दर्ज की गई है। जबकि मुंगेर में नदी का जलस्तर स्थिर बना हुआ है। भागलपुर और कहलगांव में गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी राज्य में सभी स्थानों पर लाल निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, सोन नदी में कमी की प्रवृत्ति जारी है। हालांकि पटना के मनेर में नदी का जलस्तर लाल निशान से करीब एक मीटर ऊपर दर्ज किया गया है। इधर, घाघरा नदी के जलस्तर में भी कमी आई है। विभिन्न नदियों के जलस्तर में कमी की प्रवृत्ति के मद्देनजर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हालात बेहतर होने की उम्मीद जगी है।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान राज्य के दक्षिण–मध्य और पूर्वी भागों में मेघगर्जन के साथ तेज बारिश की आशंका है। वज्रपात की आशंका को देखते हुए इस अवधि में लोगों को सावधानी बरतने का परामर्श जारी किया गया है।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन के करीब मुजफ्फरपुर पुणे स्पेशल ट्रेन का इंजन पटरी से उतर गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि लोकोमोटिव शंटिंग के दौरान चालक की लापरवाही से यह घटना हुई।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार उनतीस सितम्बर को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगें। यह कार्यक्रम आकाशवाणी के अलावा दूरदर्शन समाचार और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी दिन के ग्यारह बजे प्रसारित किया जायेगा। लोग इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने विचार टोल फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य पर साझा कर सकते है।

———————————————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने आज कृषि अभियंत्रण एजेंसी–आत्मा द्वारा प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कार्यक्रम की शुरूआत की। कृषि मंत्री ने पटना में कृषि भवन में आयोजित कार्यक्रम में छह जिलों के एक सौ इक्यानवे किसानों को रवाना किया।

———————————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले चौबीस घंटो के दौरान डेंगू के एक सौ चालीस नये मामलों की पुष्टि हुयी है। पटना में अस्सी मरीज मिले हैं। राज्य में अबतक डेंगू के दो हजार तीन सौ ग्यारह मामलों की पुष्टि हो चुकी है।

———————————————————————————————

समाप्त